**GREENLAWNS HIGH SCHOOL**

**TERMINAL EAMINATION YEAR 2020 – 2021**

**SUBJECT : HINDI** **CLASS – X**

**TIME : 2 ½ HOURS** **MARKS – 60**

**Answer to this paper must be written on the paper provided separately. You will not be allowed to write during the first 10 minutes . This time is to be spent in reading the question paper . The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers .**

**This paper comprises of two Sections : Section A and Section B**

**Attempt all the questions from Section A .**

**Attempt Three questions from Section B, answering at least one question each from the two books. You have studied and any one other question from the same books you have compulsorily chosen.**

SECTION - A ( 30 MARKS )

(ATTEMPT ALL QUESTIONS)

प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में प्रस्ताव लिखिए । (15 )

**1)**"आत्मनिर्भर भारत " से क्या तात्पर्य है । यदि आत्मनिर्भर देश होगा तो समाज को किस प्रकार से फायदा पहुँचेगा । इस क्षेत्र में विद्यार्थी अपना योगदान किस प्रकार से दे सकते हैं ? इन बिन्दुओं को आधार बनाकर एक प्रस्ताव विस्तार से लिखिए ।

2) कोविड - 19 का भारत पर सामाजिक, तकनीकी और पर्यावरणीय प्रभाव किस प्रकार से पड़ा । लोगों को किन - किन समस्याओं का सामना करना पड़ा । अपने विचार लिखिए ।

3) आज हमारे जीवन में सोशल मीडिया एक बड़ी भूमिका निभा रहा है । इसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा करते हुए अपने विचार लिखिए ।

4) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका अंत प्रस्तुत वाक्य से किया गया हो - ज्ञान ही शक्ति है ।

5) नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए ।




प्रश्न 2) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । ( 7 )

**1)** आपके क्षेत्र में भीषण बाढ़ के कारण मची तबाही और राहत कार्य की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तुरंत कदम उठाने के लिए अनुरोध कीजिए ।

**2)** अपने मित्र के पिता के सीमा पर शहीद हो जाने का समाचार प्राप्त होने पर अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए मित्र को संवेदना पत्र लिखिए ।

प्रश्न 3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -

**1)** निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए - (1)

सेवा, मन

**2)** निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - (1)

कला, जन्म

**3)** निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए - (1)

कुटिल, मान, लिप्त, निरक्षर

**4)** निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए - (1)

दौड़ - धूप करना, पत्थर का कलेजा होना

**5)** भाववाचक संज्ञा बनाइए - (1)

एक, पहचानना

**6)** कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए - (3)

**1)** आज्ञाकारी श्याम माता - पिता की सेवा करता है ।

(संयुक्त वाक्य में बदलिए )

**2)** सुल्तान इससे संतुष्ट हुआ ।

(सुल्तान को __________ से वाक्य शुरू कीजिए )

**3)** वह आटा पिसाने चक्की पर गया ।

(वाक्य शुद्ध कीजिए )

## ( SECTION - B )

## ( 30 MARKS )

सूचना : चार प्रश्नों में से कोई भी तीन प्रश्न करना है ।

**<u>साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ</u>**

प्रश्न 4) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

भेड़िये जी अभी तक उसी तरह गर्दन डाले विनय की मूर्ति बने बैठे थे । बीच में कभी - कभी सामने की ओर इकट्ठी भेड़ों को देख लेते और टपकती हुई लार को गुटक जाते ।

**1)** भेड़िया जी कहाँ पर और किस तरह की मुद्रा बनाकर बैठे हैं ? स्पष्ट कीजिए । (2)

**2)** ' विनय की मूर्ति ' से क्या आशय है ? भेड़िया जी को इस तरह विनय की मूर्ति बनने की आवश्यकता क्यों आ पड़ी ? (2)

**3)** भेड़िया जी का वास्तविक चरित्र एवं स्वभाव कैसा है ? स्पष्ट कीजिए । (3)

**4)** " प्रस्तुत कहानी आज के समाज की प्रजातांत्रिक व्यवस्था का सजीव चित्रण प्रस्तुत करती है ।" कहानी के आधार पर बताइए । (3)

प्रश्न 5) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

बेनीमाधव सिंह बाहर से आ रहे थे । दोनों भाइयों को गले मिलते देखकर आनंद से पुलकित हो गए और बोल उठे, "बड़े घर की बेटियाँ ऐसी ही होती हैं । बिगड़ता हुआ काम बना लेती हैं ।

**1)** दोनों भाइयों का परिचय संक्षेप में दीजिए । (2)

**2)** दोनों भाइयों को गले मिलते देखकर बेनीमाधव को कैसा लगा और क्यों ? (2)

**3)** 'बड़े घर की बेटी ' किसे कहा गया है और क्यों ? समझाकर लिखिए । (3)

**4)** इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है ? स्पष्ट कीजिए । (3)

## साहित्य सागर - पद्य विभाग

प्रश्न 6) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए ।

ऐसो को उदार जग माहीं ।

बिना सेवा जो द्रवे दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं ।।

जो गति जोग विराग जतन करि नहि पावन मुनि ज्ञानी ।

सो गति देत गीध सबरी कहूँ प्रभु न बहुत जिय जानी ।।

जो संपत्ति दस सीस अरप करि रावन सिव पहँ लीन्ही ।

सो संपदा विभीषण कहँ अति सकुच सहित प्रभु दीन्ही ।।

तुलसीदास सब भाँति सकल सुख जो चाहसी मन मेरो ।

तौ भजु राम, काम सब पूरन कर कृपानिधि तेरो ।।

1) प्रस्तुत पद में किसकी बात की जा रही है ? वह कैसे उदार हैं ? (2)
2) गीध और सबरी कौन थे ? कवि के अनुसार भगवान राम ने उनका उद्धार किस प्रकार किया ? (2)
3) भगवान राम ने विभीषण के प्रति किस प्रकार उदारता दिखाई ? समझाकर लिखिए। (3)
4) तुलसीदास की भक्ति - भावना पर प्रकाश डालिए । (3)

प्रश्न 7) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए ।

वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी

ऊँचा खड़ा हिमालय, आकाश चूमता है,

नीचे चरण तले पड़, नित सिंधु झूमता है ।

गंगा, यमुना, त्रिवेणी, नदियाँ लहर रही हैं,

जगमग छटा निराली, पग - पग पर छहर रही हैं ।

वह पुण्यभूमि मेरी, वह स्वर्णभूमि मेरी ।

वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी ।।

**1)** प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने भारत के उत्तर और दक्षिण का वर्णन किस प्रकार किया है ? (2)

**2)** "त्रिवेणी " से कवि का क्या अभिप्राय है ? उसका भारतीय इतिहास में क्या महत्व है ? (2)

**3)** भारत को पुण्यभूमि और स्वर्णभूमि क्यों कहा गया है ? समझाकर लिखिए । (3)

**4)** शब्दार्थ लिखिए - (3)

छटा, निराली, चरण, नित, पग, मातृभूमि